सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय,वाराणसी

पत्रांकः नो.अधि.-128/2024 दिनांक 30/11/2024

टेबलेट वितरण की अन्तिम सूचना

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी के पत्रांक सं.क्षे.का.वा./2437–42/2024–25 दिनांक–25.11.2024 के निर्देशानुसार टेबलेट वितरण कार्य सम्पन्न कर शेष टेबलेट वापस करने की कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के समस्त संकायाध्यक्षों/विभागाध्यक्षों को सादर पूर्वक अवगत कराना है कि उ.प्र. सरकार द्वारा स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति (डी.जी. शक्ति) योजना के अन्तर्गत नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी द्वारा पूर्व में दिनांक 20.11.2024 से 22.11.2024 तक टेबलेट का वितरण कार्य विनयाधिकारी कार्यालय में सुनिश्चित किया गया था, **छात्रों को अन्तिम अवसर देते हुए दिनांक 13.12.2024 से 15.12.2024 तक छात्रों को टेबलेट वितरण किया जायेगा।** टेबलेट प्राप्त करने हेतु आधार कार्ड की मूल/सत्यापित छायाप्रति एवं अंक/प्रमाण–पत्र की छायाप्रति विनयाधिकारी कार्यालय में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक जमा करने पर टेबलेट वितरण तिथिवार संकाय के समस्त छात्र/छात्राओं को प्रदान किया जायेगा। जिसका विवरण निम्नवत् हैं–

क्रमांक	दिनांक	संकाय	समय
1.	13.12.2024	सभी संकाय के छात्र/छात्राओं	अपराह्न 03:00 से 04:00 बजे तक
2.	14.12.2024	सभी संकाय के छात्र/छात्राओं	अपराह्न 03:00 से 04:00 बजे तक
3.	15.12.2024	सभी संकाय के छात्र/छात्राओं	अपराह्न 03:00 से 04:00 बजे तक

अतः उपरोक्त सभी संकायाध्यक्षों/विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि अपने–अपने संकाय के छात्र/छात्राओं को टेबलेट प्राप्त करने हेतु यथा समय यथा तिथि, यथा स्थान उपस्थित होने हेतु निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।

(प्रो. दिनेश कुमार गर्ग)
नोडल अधिकारी

प्रतिलिपि– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
3. छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी।
5. सिस्टम एनालिस्ट को इस आशय की सूचना वेबसाइड पर अपलोड करने हेतु।
6. सम्बद्ध पत्रावली।

(प्रो. दिनेश कुमार गर्ग)
नोडल अधिकारी